CGN 36 NEWS

☾ ϟ Trending Now

Home >

सकरी नवीन शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय दीक्षा आरंभ व उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

Uncategorized

सकरी नवीन शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय दीक्षा आरंभ व उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

निर्मल माणिक/ प्रधान संपादक ,मोबाइल:- 9827167176 12 minutes ago

त को
को...

सकरी नवीन शासकीय महाविद्यालय
में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक...

नंदी व गौमाता के सं
कांग्रेसजनों की कांव

बिलासपुर। नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु एक दिवसीय दीक्षा आरंभ एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया डॉक्टर रूबी मल्होत्रा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य ने अभिभाषण द्वारा किया । उन्होंने अपने अभिभाषण में बताया कि NEP-2020 छात्रों को उनके बहुमुखी विकास का अवसर प्रदान करती है।



ग्र को
को...

सकरी नवीन शासकीय महाविद्यालय
में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक...

नंदी व गौमाता के सं
कांग्रेसजनों की कांव

महाविद्यालय के एन ए पी इंडक्शन कमेटी के संयोजक अध्यापक डॉक्टर महंत ने महाविद्यालय में संचालित रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में छात्रों को अवगत कराते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में NEP इंडक्शन कमेटी के सदस्य आकाश कुमार पटेल ने सेमेस्टर सिस्टम, मल्टी डिसीप्लिनरी कोर्स CURRICULUM ,क्रेडिट बेस्ड सिस्टम, छात्रों के द्वारा चयन किए जाने वाले विषय GE,VAC,SEC,AEC के बारे में बताते हुए कोर्स असेसमेंट पद्धति अंतर्गत सतत आंतरिक मूल्यांकन एवं सेमेस्टर के अंत में होने वाले मुख्य परीक्षा मैं अंक विभाजन के बारे में बतलाया कार्यक्रम के अंत में सहायक प्राध्यापक डॉ सरिता पटेल द्वारा छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 विषय में होने वाली समस्त आशंकाओं का समाधान किया।

इस कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राएं एवम महाविद्यालयीन शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे ।

निर्मल माणिक/ प्रधान संपादक ,मोबाइल:- 9827167176